आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

दिनांकः 25.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

................................

- **जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे–11 नवंबर को लेंगे शपथ।**
- **प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख।**
- **राइजिंग राजस्थान प्री समिट के तहत डेयरी सेक्टर मे ंनिवेश के लिए 500 करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू हुए।**
- **स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत थीम पर आज विभिन्न स्थानों पर फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन।**

................................

जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्तमान मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति खन्ना को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। वे मौजूदा सीजेआई के 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद 11 नवंबर को शपथ लेंगे। वे देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे और उनका कार्यकाल अगले साल 13 नवम्बर तक रहेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने 18 जनवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था। इस दौरान उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न संविधान पीठों में काम किया और अनेक महत्वपूर्ण फैसले किये।

................................

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 37 उम्मीदवारों ने 41 नामांकन पत्र भरे है। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी और 30 अक्टूबर नाम वापसी की आखिरी तारीख है। उपचुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल झुंझुनूं और दौसा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। मुख्यमंत्री आज चौरासी विधानसभा क्षेत्र में सीमलवाडा में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे। वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली का आज दौसा और उनियारा में नामांकन सभा में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी दौसा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करेंगे।

उपचुनाव वाले सातों जिलों में कानून व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जा रही है। निर्वाचन विभाग शांतिपूर्ण निष्पक्ष स्वतंत्र और भयमुक्त चुनाव प्रकिया के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि पुलिस की ओर से अवैध और लाईसेंसी हथियारों को जमा करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही चुनावी प्रकिया को प्रभावित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पाबंद किया जा रहा है। अब तक करीब दस हजार व्यक्तियों को पाबंद किया गया है। 17 हजार से ज्यादा लाईसेंसशुदा हथियार पुलिस थानों में जमा कराये गये है। इसके साथ ही चुनावी क्षेत्रों में 58 उड़नदस्ते और 58 स्थैतिक टीमे सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है। इस बीच सिरोही जिले में आबू रोड़ में पुलिस ने एक कार से सात करोड़ से अधिक की नकदी जब्त की। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

................................

राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का डीए–डीआर 50 से बढाकर 53 प्रतिशत कर दिया है। ये बढोतरी एक जुलाई से लागू की गई है। सेवारत अधिकारियों और कर्मचारियों के 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक के बढे हुए डीए की राशि जीपीएफ खाते में जमा होगी और नवंबर की बढी हुई राशि दिसम्बर के वेतन में जोडकर दी जायेगी। वहीं सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को 1 जुलाई से

अब तक की बढी हुई राशि का नकद भुगतान किया जायेगा। वित्त विभाग ने कल इस बारे में आदेश जारी किया।

...............................

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन–सीआरएस स्थापित करने के लिए दी जाने वाली सब्सिडी 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 15 लाख 60 हजार रुपए कर दी है। सीआरएस की अगुवाई महिलाओं की ओर से किये जाने या हरित ऊर्जा का उपयोग होने पर सब्सिडी राशि 18 लाख रूपये तक तय की गई है। ऐसे सीआरएस जो हरित ऊर्जा का उपयोग करते हैं और साथ ही उनका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाता है, उनके लिए सबसे ज्यादा सब्सिडी 21 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा, मंत्रालय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों पर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए 3 महीने का इंटर्नशिप कार्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। जयपुर में कल से शुरू हुए देश के पश्चिम राज्यों के दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में ये जानकारी मंत्रालय के सीआरएस के अतिरिक्त निदेशक जी एस केसरवानी ने दी। इस आयोजन में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान के सामुदायिक रेडियो स्टेशन के संचालक और प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे है।

...............................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल जोधपुर दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति का आईआईटी जोधपुर के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है। समारोह में 1 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को डिग्रियां वितरित की जायेंगी।

...............................

राइजिंग राजस्थान प्री समिट के तहत कल कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने राज्य में डेयरी सेक्टर में निवेश के लिए 500 करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू किये। फेडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राज्य में दस हजार से ज्यादा फ्लेक्सी बायोगैस संयत्र स्थापित किये जायेंगे। इनमें ऑर्गेनिक खाद बनायी जायेगी। इसके साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी बढोतरी होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और आरसीडीएफ तथा राज्य पशुधन विकास बोर्ड के बीच बस्सी में फ्रोजन सीमन बैंक के लिए भी सहमति हुई है। इससे देशी गायों की नस्ल का संरक्षण और संवर्धन हो सकेगा। इधर जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों के लिए जिलास्तरीय इन्वेटर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर को होगा। इसके लिए जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने कल बैठक की। इस दौरान 8 हजार 500 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। वहीं करौली में आज जिलास्तरीय इन्वेस्टर मीट आयोजित की जा रही है। गंगापुरसिटी में कल हुई मीट में 945 करोड़ रूपये से अधिक के 106 एमओयू हुए। ब्यावर में हुई मीट में 2 हजार 845 करोड़ रूपये के एमओयू हुए। इससे जिले के लगभग 8 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

...............................

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत थीम पर प्रदेश में आज विभिन्न स्थानों पर फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया जा रहा हैं। सांचौर में जिला कलक्ट्रेट परिसर से इसकी शुरूआत हुई। भरतपुर में जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने दौड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने और साफ सफाई रखने का आह्वान किया गया। वहीं अजमेर में दौड़ का आयोजन गढ चौराहे से आनासागर रोड़ तक किया गया। अजमेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि इसमें बडी संख्या में कार्मिकों, विद्यार्थियों और स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

...............................

जालौर में हुई दौड़ में एएनएम, जीएनएम आशा सहयोगिनियों और अंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया।

...............................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 15 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। जयपुर में तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह हल्के बादल छाये रहे और दिनभर हवाएं चली। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, भीलवाडा, वनस्थली, पिलानी, सीकर, चित्तौडगढ, पाली सहित कई अन्य स्थानों पर सुबह शाम हल्की सर्दी का एहसास हुआ। वहीं सिरोही जिले के माउंटआबू में रात का पारा 12 दशमलव 8 डिग्री रहा। हमारे

संवाददाता ने बताया कि त्यौहारी छुट्टियों में इस मौसम का आनंद लेने के लिए अच्छी संख्या में सैलानी पहुंच रहे है।

................................